>

Title: Need to ensure proper utilization of funds sanctioned for welfare schemes meant for Adivasis in the country.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): भारत सरकार ने जनजाति, विशेषकर जंगलों में रहने वाले आदिवासियों के कल्याण एवं उनको सुविधाएं दिलाये जाने के लिए कई केन्द्र प्रायोजित योजनाएं चला रखी हैं परन्तु उन तक 15 प्रतिशत सुविधाएं भी नहीं पहुंच रही हैं। इस तरह से अनुसूचित जनजाति की योजनाओं में आवंटित धन का नियमानुसार सदुपयोग नहीं हो रहा है। कई सांसद जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से इस सदन में आते हैं उन्होंने अनुसूचित जनजाति की कल्याण योजनाओं में आवंटित धन, प्रयुक्त धन के बारे में जानकारी मांगी है परन्तु उनको नियमानुसार जानकारी उपलब्ध नहीं की जाती है। इस संबंध में, मैं केन्द्रीय मंत्री जी से कई बार मिल चुका हूं एवं इस मुद्दे को अनुसूचित जनजाति की बैठक में उठा चुका हूं।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उपरोक्त योजनाओं में आवंटित धन एवं प्रयुक्त धन की सूचना उन सभी सांसदों को दी जाये जिन्होंने इसकी मांग की है और इन कार्यों की समीक्षा भी करवाई जाये।